आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 6:08 सूर्यास्त 6:12
तापमान
अधिकतम 28.6
न्यूनतम 21.8

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

अस्थिर सरकारों से देश आगे नहीं बढ़ पाया, लेकिन अब देश में स्थिर सरकार है : मोदी



अस्थिर सरकारों के नेता तो खूब आगे बढ़ते रहे.....

वर्ष-50 | अंक-265 | रविवार 25 सितम्बर, 2022 | आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

# गरीब परिवार पर बारिश का कहर, छत गिरने से दो मरे

## ➲मिमलाना रोड पर भाई बहन की मौत के साथ चार परिजन गंभीर घायल ➲रात में सोया था परिवार, दो बजे धमाके के साथ गिर गई मकान की छत

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बु.)। बारिश में मिमलाना रोड के परिवार पर कहर टूट गया। लगातार बारिश के बाद बीती रात मकान की कच्ची छत गिरने से भाई-बहन की मौत हो गई। हादसे में परिवार के पांच लोग घायल भी हुए हैं। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ मृतकों के शवों को मोर्चरी भिजवाया।

लगातार कई दिन से चल रही बारिश जन जीवन के लिए अब मुसीबत बनने लगी है। बीती रात शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड पर कलीम कालोनी में रात के समय अचानक एक मकान की कच्ची छत गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। परिवार के पांच लोग घायल हो गए। कलीम कॉलोनी में शान मोहम्मद उर्फ गुड्डू का मकान है। इसकी छत कच्ची थी। रात में अपनी पत्नी सलमा, बेटे सानू (21), शुएब (14), जुनैद (10), बेटी कुलशुम (05) व शमा (11) के साथ घर में सोया हुआ था। अचानक लगभग दो बजे बारिश के कारण मकान की कच्ची छत भरभराकर गिर गयी। सो रहे परिवार के सभी लोग छत के मलबे में दब गए। अचानक मकान की छत गिरने से जोर की आवाज से पूरा गांव दहल गया। इसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर आयी पुलिस की मदद से लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान घायल शुएब व शमा की मौत हो गई। शाम के समय पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में दोनों बच्चों के शवों को सुपुर्दे खाक किया गया तो लोगों का दर्द छलक पड़ा। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना के बाद सुबह के समय उपजिलाधिकारी सदर परमानंद झा एवं तहसीलदार सदर अभिषेक शाही द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं जिला अस्पताल में घायलों से घटना की जानकारी ली एवं उनका स्वास्थ्य जाना।



मृतक बच्चों के फाइल फोटो







घटना में घायल एक अन्य बच्चा



घायल का कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे राज्यमंत्री

मुजफ्फरनगर। मिमलाना रोड पर बीती रात मकान की छत गिरने से परिवार के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने जिला अस्पताल में पीड़ितों से मिलकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने योगी सरकार द्वारा 9 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों को समुचित उपचार देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# गांव से शहर, बारिश बन रही कहर

## ➲चार दिन की बारिश ने ही तौबा बुलाई, मौसम हुआ ठंडा ➲दो दिन में 109 मिमी बारिश के बाद हर शख्स परेशान

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बु.)। लगातार सूखे मौसम के बाद असौज के महीने में शुरू हुई जोरदार बारिश के बाद चार दिन में ही लोग तौबा बोल गए हैं। दो दिन में 109 मिमी बारिश ने तमाम रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसके चलते आज सुबह तक बारिश के बाद दिन में मौसम खुला जरूर लेकिन शाम होते ही फिर जोरदार बारिश ने तमाम व्यवस्थाओं को छिन्न भिन्न कर दिया। शाम का चाट बाजार ढह गया। इसके साथ ही बारिश के साथ लोगों में घर लौटने की होड़ लग गई और बाजारों में जल्द ही सन्नाटा पसर गया। बीती रात काफी ठंडी थी, लेकिन आज दिन में कुछ समय धूप निकली तो मौसम में गर्माहट रही। इसके चलते अधिकतम तापमान 28.6 और न्यूनतम 21.8 डिग्री रहा। आर्द्रता 95 प्रतिशत रही। बीते चौबीस घंटे में 24.0 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। खास बात यह है कि बारिश से जहां शहर की व्यवस्थाएं पूरी तरह गड़बड़ाई हैं, वहीं पूरे जिले में कस्बों से लेकर गांवों तक हाल बेहाल हो चुका है। बारिश से मौसम में ठंडा हो गया है और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है, लेकिन इसके साथ मुश्किलों का दौर भी शुरू हुआ है। शहर में पहले से ही टूटी तमाम सड़कों पर गड्ढे चौड़े होते जा रहे हैं। इससे लोगों का सड़कों पर फैले कीचड़ के बीच से गुजरना दूभर हो गया है। शहर की तमाम सड़कों के अलावा निचली आबादियों में जीवन नारकीय हो गया है। गांधी कॉलोनी में गड्ढेदार सड़क को पिछले दिनों रोडे और मिट्टी डालकर रोलर चलवा कर दुरुस्त करने का प्रयास किया गया था। बारिश के बाद मिट्टी बह गई है और मोटे रोडे सड़क पर फैल गए हैं।



### गन्ने को फायदा, धान और सब्जियों को नुकसान

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बु.)। बारिश लगातार जारी रहने से गन्ने और चारे की फसल को जहां लाभ हुआ है, वहीं अनेक स्थानों पर सब्जियों की फसले गारत हो गई हैं। इससे सब्जी उत्पादक परेशान हैं। बारिश की दुआएं कर रहे लोगों की दुआ कबूल हुई तो जरूर पर इसके साथ मुसीबतें भी खड़ी हो गई। गन्ने और चारे की फसल को इससे लाभ हुआ है। कुछ जगह धान की फसल को लाभ हुआ है तो कुछ जगह नुकसान उठाना पड़ा है। तीन दिन से हो रही बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश के साथ चली तेज हवा के कारण कई स्थानों पर धान की फसल गिर गई है। धान की जो फसल पक कर तैयार हो चुकी थी, वह अधिकांश स्थानों पर तेज हवा के कारण गिर चुकी है। इसके अलावा सब्जी की खेती भी बारिश से अस्त व्यस्त हो गई है। धान और सब्जी की फसल को काफी नुकसान बताया जा रहा है। जनपद में 13430 हेक्टेयर धान की बुवाई हुई है। इसमें काफी नुकसान हुआ है। दूसरी ओर आलू की बुवाई प्रभावित हुई है।



कई दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण काली नदी का जल स्तर बढ़ने से जलमग्न फसल। फोटो बुलेटिन

# काली नदी में उफान के बाद डूबी फसलें

## ➲शहर के पास कई गांवों के खेतों में घुसा बाढ़ का पानी
## ➲जल स्तर बढ़ा तो आसपास की आबादियों को खतरा

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर (बु.)। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के चलते काफी अर्से बाद शहर के पास स्थित काली नदी उफान पर है। पानी कई गांवों की फसलों को तबाह कर रहा है और आबादी के पास पहुंच चुका है। पानी भर जाने से शहर के आसपास के खेतों में सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।जिले के साथ पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के बादल कई साल बाद काली नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इसके चलते शहर से सटे इलाकों में खेतों में पानी भर गया है। रास्ते के गांवों में भी आसपास के खेतों में पानी भर गया। इससे खेतों खासतौर से सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। शहर के सब्जी उत्पादकों प्रदीप कुमार, संजू सैनी, सोनू और जितेंद्र ने बताया कि उनकी मूली, पालक, मेथी आदि की फसल पानी भर जाने से बर्बाद हो गई है और चार लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। इसके अलावा फैजान और सलीम के नौ बीघा खेतों में पानी भर जाने से गोभी की लाखों की फसल डूब गई है। आमतौर पर काली नदी काफी शांत रहती है। दो दिनों से पहाड़ से मैदान तक हो रही बारिश के बाद काली नदी का जल स्तर काफी बढ गया है। कई स्थानों पर गन्ने और चारा आदि की फसल आधी डूब गई है। वहीं आसपास के कुछ खेतों में धान की फसल भी कटी हुई पड़ी थी। उक्त फसल भी काली नदी के पानी में खराब हो गई है। नदी का पानी लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि बारिश हुई तो नदी का पानी सड़क आबादी के इलाकों में घुस सकता है और पानी बढ़ने से आसपास के गांवों मिममलाना आदि के लोग काफी डरे हुए हैं। दूसरी ओर पुरकाजी क्षेत्र में सोलानी नदी में बरसाती पानी आने से खादर क्षेत्र के कई गांवों के जंगलों व गांव के रास्तों पर पानी भर गया। सोलानी नदी से पानी बाहर आने के बाद भदौला गांव निवासी सरदार जसविन्द्र सिंह, भाकियू नेता गुरमैल बाजवा आदि किसानों ने बताया कि

शेष : पृष्ठ ४ पर

# सीधा साधा है मेरा बेटा: अंकिता मर्डर आरोपी के पिता का बयान

देहरादून, 24 सितंबर (वार्ता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में वनंतरा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य के पिता और भाजपा नेता विनोद आर्य ने पहली बार सामने आकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि उनका बेटा पुलकित सीधा-साधा बालक है। उन्होंने कहा कि वह पुलिस जांच टीम में पूरी मदद करेंगे। विनोद का कहना है कि उन्होंने और उनके बेटे अंकित ने निष्कासन से पहले ही अपना-अपना इस्तीफा पार्टी को सौंप दिया था, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और जांच किसी भी तरह से प्रभावित न हो सके। अपने बेटे पुलकित का नाम हत्याकांड से जुड़े होने के सभी आरोपों को गलत ठहराते हुए विनोद ने कहा कि उनका बेटा सीधा-साधा बालक है और वो बस अपने काम से काम रखता है। उन्होंने कहा कि उनका रिजॉर्ट और फैक्ट्री पूरी तरीके से वैध है और कानून के दायरे के तहत ही बनाई गई है। इसको लेकर भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं, जो गलत है।

## एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं पीएफआई और आरएसएस: दिग्विजय सिंह

भोपाल, 24 सितंबर (वार्ता)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने ग्वालियर में आरएसएस और संघ प्रमुख मोहन भागवत पर कड़ी टिप्पणी की है। दिग्विजय सिंह का कहना है कि उन्होंने मोहन भागवत को पहली बार बधाई दी है और यह बधाई इसलिए दी है कि वे लीक से हटकर मदरसा और मस्जिद गए हैं। उन्होंने ने कहा कि जो मोहन भागवत मुस्लिम टोपी लगाने से कतराते थे, वह अब मदरसा और मस्जिद जा रहे हैं इसके लिए भारत जोड़ो यात्रा एक प्रमुख कारण है और यात्रा के 15 दिन में ही प्रभाव दिखाई देने लगा है। दिग्विजय सिंह का कहना है कि उनका बीजेपी खासकर आर एस एस से आग्रह है कि जब भारत के संविधान में हर व्यक्ति को समानता का अधिकार दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस बात की शपथ ली है और उनका नारा है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने मोहन भागवत से मांग की है कि वे अगर मुसलमानों को भरोसा दिलाना चाहते हैं तो सबसे पहले अखलाक के घर जाएं ,जो मोब लिचिंग का शिकार हुए थे इसके अलावा बिलकिस बानो के घर भी जाएं.. जिनका बलात्कार किया गया और बलात्कारियों का सम्मान भी किया गया ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए।

# ज्ञानवापी प्रकरण में दंगा भड़काने की साजिश, वाराणसी में पीएफआई के दो सदस्य गिरफ्तार

वाराणसी, 24 सितंबर (वार्ता)। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के दो सदस्यों को एनआईए और एटीएस की टीम ने शनिवार सुबह वाराणसी के कज्जाकपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। दोनों पर ज्ञानवापी प्रकरण में दंगे भड़काने की साजिश और फंड जुटाने, देश विरोधी कृत्य समेत अन्य कई आरोप हैं। एनआईए और एटीएस की टीम ने घंटे भर से अधिक समय तक दोनों से पूछताछ की। देर शाम रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में आरोपियों को पेश किया गया, जहां से 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। दोनों को सात दिन की कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने कोर्ट में आवेदन किया। एटीएस के अनुसार गिरफ्तार जैतपुरा थाना अंतर्गत कच्चीबाग निवासी रिजवान अहमद और आदमपुर के आलमबाग निवासी मोहम्मद शाहिद है। दोनों के कब्जे से दस्तावेजी दो किताबें और अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस बरामद हुए। अभी तक की जांच में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी साड़ी बनाने के कारोबार से जुड़े हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी इस्लामिक स्टेट के लिए संगठन बनाकर षड्यंत्र रच रहे हैं। ज्ञानवापी प्रकरण पर खास समुदाय की भावनाओं को भड़का कर फंड इकट्ठा कर रहे थे। देश और समाज में अस्थिरता फैलाने के मंसूबे पर काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस का कहना था कि उन्हें आरोपियों के घर की तलाशी लेनी है। उनके सहयोगियों के बारे में पूछताछ करनी है। उनके फंड कलेक्शन के श्रोतों की जानकारी करनी है।

## पुणे में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

मुंबई, 24 सितंबर (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से गुरुवार को देशभर में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के ठिकानों पर छापेमारी के एक दिन बाद पुणे में जोरदार प्रदर्शन हुआ। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे पीएफआई के 35 से ज्यादा सदस्यों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुणे में जिला कलेक्टर ऑफिस के बाहर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे सुने गए। न्यूज एजेंसी एएनआई ने इन नारों का एक वीडियो ट्वीट किया है। इसके साथ एजेंसी की ओर से एक नोट भी जारी हुआ है। मौके पर मौजूद संवाददाताओं ने नारों की जानकारी की पुष्टि की है। बूंदगार्डन पुलिस थाने के सीनियर इंस्पेक्टर ने कहा कि पीएफआई के 35-40 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया, क्योंकि उन्हें प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी गई थी।










खतौली में स्व. कामरेड एस.के. जैन की पुण्यतिथि पर आयोजित भव्य कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथि गण व उपस्थित गणमान्य लोग व इस अवसर पर लगे रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता व उनका हालचाल जानते पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश व अन्य। –फोटो बुलेटिन

# स्व. कामरेड की पुण्यतिथि पर लगाये गये रक्तदान शिविर में ३०० ने किया रक्तदान

खतौली, २४ सितम्बर (बु.)। श्री कुन्द कुन्द जैन इण्टर कॉलेज खतौली के तत्वावधान में प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर व पूर्व नगरपालिका परिषद अध्यक्ष स्व. कामरेड सुरेन्द्र कुमार जैन की पुण्यतिथि पर उनकी मधुर स्मृति में लगाये गये विशाल रक्तदान शिविर में लगभग ३०० रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम की। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे रोड स्थित श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय के पुस्तकालय भवन में योगेश जैन की अध्यक्षता में डॉ. अमित जैन के संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक व समाजसेवी सोमांश प्रकाश ने करते हुए कहा कि कामरेड स्व. सुरेन्द्र जैन ने अपना सम्पूर्ण जीवन सदैव समाज व मानव सेवा को समर्पित करते हुए सेवा का जो पुनित कार्य किया, वह समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायक है। शिविर के मुख्य अतिथि पंकज जैन एस.डी. पारस चैनल ने कहा कि रक्तदान मानव जीवन का वह सर्वश्रेष्ठ कार्य है, जिससे भविष्य में तीन पीड़ित व्यक्तियों को जीवन मिलता है। इस अवसर पर अतिथिगण मुकेश जैन एड. संचालक जिला सहकारी बैंक, संजय जैन अध्यक्ष श्री कुन्द कुन्द जैन एजूकेशन एसोसिऐशन खतौली, दीपक जैन महामंत्री एजूकेशन एसो., उप–जिलाधिकारी जीत सिंह राय, बैंकिंग ट्रेड यूनियन वरिष्ठ नेता आर.पी. शर्मा सहित अतिथियों द्वारा कामरेड स्व. सुरेन्द्र जैन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा के.के. जैन इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक कामरेड राजीव जैन व कार्यावाहक प्रबन्धक मुकेश जैन द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए रक्तदान को महादान बताते हुए स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुसार रक्तदान करने पर बल दिया। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों पी.के. त्यागी, सौराज व परवेज आलम की टीम के निर्देशन में आयोजित शिविर में लगभग ३०० रक्तदान दाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन कार्यक्रम सहसंयोजक अतुल प्रताप सिंह सहित आयोजक मण्डल द्वारा अतिथियों रक्तदान दाताओं सहित सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। शिविर के आयोजन में मनोज जैन आढती उर्फ बब्बल, जगदीश भाटिया चुन्नु, हितेश सर्राफ, वैभव जैन सभासद, डॉ. विकास जैन, शिव कुमार यादव, धनेश जैन, तेजराज, नीरज जैन, प्रदीप, पवन, आशु, संजय सर्राफ, नमन, शशांक जैन, रविन्द्र जैन, विनेश, राजकुमार जैन, पुलकित आदि मौजूद रहे।

## शाहपुर के पलड़ा में भारी बारिश से उजड़ा गरीब का आशियाना

### –मिट्टी के बर्तन बनाने वाले का लाखों का नुकसान



गांव पलड़ा में गिरी मकान की छत।

शाहपुर, २४ सितम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव पलड़ा में भारी वर्षा के चलते मिट्टी के बर्तन बनाने वाले गरीब मजदूर के मकान की छत गिर गई, जिससे उसका लाखों रुपए का समान नष्ट हो गया। शाहपुर के गांव पलड़ा निवासी संजीव पुत्र नकली प्रजापति अपने घर पर ही मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य करता है। मिट्टी के बर्तन बनाकर आसपास के इलाकों में बेचता है, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। संजीव ने परिवार के साथ कई महीनों की मेहनत से दीपावली पर बेचने के लिए मिट्टी के दीपक व अन्य बर्तन बना रखे थे। मकान की छत गिरने से उसके मकान में मिट्टी के दीपक व बर्तन, चीलम टूट कर नष्ट हो गए। संजीव ने बताया दीपावली के लिए मिट्टी का समान बनाकर तैयार कर उन्हे दशहरा व दीपावली पर बेचता है। उसका मकान गिरने से मकान में रखे लाखों रुपए का समान टूट कर नष्ट हो गया, जिस समय मकान की छत गिरी, परिवार के सदस्य बराबर के मकान में थे, जिससे किसी को चोट नहीं आई।

## जिला बदर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भोपा, २४ सितम्बर (बु.)। दुष्कर्म व गुंडा एक्ट कार्रवाई के बाद जिला बदर किए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गांव युसुफपुर निवासी आसिफ पर दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम देने के बाद गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद डीएम के आदेश पर गत पांच अगस्त को तीन माह के लिए जिला बदर किया गया था, जिसके बाद भी आरोपी क्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## अधिशासी अभियंता विद्युत द्वितीय पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

शामली, 24 सितम्बर (बु.)। विद्युत बिल ठीक कराने के लिए पांच हजार रुपये न देने पर एक उपभोक्ता के बेटे को 92 हजार रुपये का बिल जिला उपभोक्ता फोरम ने निरस्त कर दिया साथ ही विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता द्वितीय शामली को पीड़ित को शारीरिक, मानसिक कष्ट और आर्थिक क्षति व वाद व्यय के लिए 25 हजार रुपये अदा करने के निर्देश दिए हैं। जनपद के कस्बा कांधला के मौहल्ला मौलालान निवासी अनीसुल हसन पुत्र स्व. अब्दुल हसन ने बिजली का घरेलू कनेक्शन 4811/०25698 ले रखा है। आरोप है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी ने 333० यूनिट का काल्पनिक बिल उसे भेजा, जिसे ठीक कराने के लिए विभाग के कर्मचारी ने 5 हजार रुपये की मांग की। 27 अगस्त 2008 में विद्युत विभाग के कर्मचारी ने उसके पुत्र जावेद के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया, जबकि विद्युत कनेक्शन अनीसुल हसन के नाम था। विद्युत विभाग के इस रवैये के विरुद्ध अनीसुल हसन ने शारीरिक, मानसिक और प्रतिष्ठा को हानि पहुंचाने का आरोप लगाते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण मंडल द्वितीय शामली के विरुद्ध एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति का वाद दायर किया और कहा कि यदि उस पर विद्युत विभाग का कोई बिल बकाया होता, तो विद्युत विभाग को विद्युत अधिनियम की धारा-56 के अंतर्गत भुगतान के लिए 15 दिन का नोटिस देना चाहिए था, जबकि ऐसा नहीं किया गया, जिसके लिए विभाग एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना परिवादी को देने के लिए उत्तरदायी है। विद्युत कनेक्शन को न तो अस्थायी न स्थायी काटा गया, बल्कि विद्युत चोरी की फर्जी रिपोर्ट दर्ज करायी गई और 92,197 रुपये का बिल उसके पुत्र के खिलाफ भेज दिया, जो न तो उपभोक्ता और विद्युत उपभोग करता है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष हेमंत कुमार गुप्ता और सदस्या अमरजीत कौर ने वाद स्वीकार करते हुए विद्युत विभाग द्वारा जावेद को भेजे गए 92,197 रुपये के अंतिम आंकलन नोटिस को निरस्त कर दिया और कहा कि यदि परिवादी ने उक्त धनराशि विद्युत विभाग के पास जमा करा दी है, तो उसका समायोजन आगामी बिलों में किया जाएगा तथा विभाग के मनमाने कृत्य और अनैतिक व्यापार, व्यवहार अपनाने के लिए परिवादी को हुए शारीरिक, मानसिक कष्ट व आर्थिक क्षति के लिए 2० हजार, वाद व्यय के लिए 5 हजार रुपये आयोग के कार्यालय में 30 दिन में जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

## रामलीला का शुभारंभ हुआ

रामराज, २४ सितम्बर (बु.)। सैफपुर फिरोजपुर रामराज में श्री रामलीला का उद्घाटन ठाकुर जयपाल सिंह चौहान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौहान क्षेत्र कल्याण महासभा के द्वारा फीता काटकर व भगवान श्रीराम की आरती के साथ विधिवत हुआ। इस दौरान वहां पर उपस्थित कमेटी के प्रबंधक विनोद पवार, अध्यक्ष श्रीपाल कोहली, महामंत्री कृपाल सिंह धीमान व विनोद चौहान, बृजपाल सिंह, विशाल कुमार, तुषार, अशोक सरगम आदि उपस्थित रहे।



## गांधी कॉलोनी में मेघनाद ने इंद्र को हराकर बंदी बनाया

मुजफ्फरनगर, २४ सितम्बर (बुस.)। गांधी कॉलोनी रामलीला में जुगल किशोर खत्री उनकी पत्नी, विनोद एवं गोलक धाम समिति के सभी पदाधिकारीगण द्वारा आरती कर रामलीला के दूसरा दिन की शुरुआत की गई, जिसमें रावण, कुंभकरण, विभीषण को ब्रह्मा जी से वर प्राप्त हुआ। भगवान शिव जी द्वारा रावण को चंद्रहास तलवार प्रदान की गई। उसके पश्चात रावण व वेद वति में संवाद हुआ। मेघनाथ द्वारा भगवान इंद्र पर विजय प्राप्त कर उनको बंदी बनाया गया और साधु के रक्त द्वारा उनसे कर वसूला गया। लोगों ने इन सभी दृश्यों का आनंद लिया और अंत में राजा जनक का दरबार लगा और वहां अकाल पड़ने की स्थिति में राजा ने एवं वहां के सभी लोगों ने सोने के हल से खेतों को जोता, जिसके पश्चात वहां बारिश हुई और अंत में जानकी माता का जन्म हुआ। इसमें रावण का रोल अजय नारंग, कुंभकरण भवानी शंकर, विभीषण अमित तरीका, वेदवती आनंद कोचर, राजा जनक सोनू भाटिया एवं विष्णु भगवान का रोल नितिन अरोरा ने किया, जिसकी सभी लोगों ने ताली बजाकर सराहना की।

## पटेल नगर में ४७वें श्रीरामलीला महोत्सव का हुआ भव्य शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, २४ सितम्बर (बुस.)। श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति (रजि.), पटेल नगर, नई मण्डी के तत्वावधान में होने वाले ४७वें श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारम्भ आज श्री गणेश वन्दना कर प्रारंम्भ किया गया। रामलीला का उद्घाटन सतगुरू मैटालायज प्रा. के डायरेक्टर एवं अनिल गोयल ने पूजा अर्चना के साथ भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया व समाजसेवी, उद्योगपति भीमसेन कंसल ने फीता काटकर रामलीला मंच का शुभारम्भ किया तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभासद विपुल भटनागर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके उपरान्त भगवान गणपति एवं श्रीरामचन्द्र जी की आरती तथा श्रीरामायणजी की आरती एवं ठाकुर जी की आरती की गई। रामलीला के मुख्य निर्देशक विजय मित्तल ने भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना कर उनसे रामलीला मंचन सुचारू रूप से कराने की प्रार्थना की। इसके उपरान्त रामलीला को विश्राम दिया गया। रामलीला के वरिष्ठ कलाकार एवं श्रृंगारी प्रवीण गर्ग उर्फ रिंकू की दो दिन पूर्व सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सभी ने दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान मुख्य प्रबन्धक अनिल ऐरन, सुरेन्द्र मंगल सचिव, अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सभासद विकल्प जैन, जितेन्द्र कुच्छल, विनय गुप्ता, सोनू सिंह, निर्देशक अमित भारद्वाज, विकास भारद्वाज, संजय शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, पीयूष शर्मा, धर्मेन्द्र पंवार, राकेश बंसल, अज्जू जैन, अविनाश शर्मा, अनुराग अग्रवाल, विपिन जैन, शारर्दूल जैन, विजय मित्तल डायरेक्टर, पंकज शर्मा, गोविन्द शर्मा, नारायण ऐरन, प्रवीण बॉबी, अमर चौधरी, मिन्टू गिरि, अमित शर्मा आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## रूस के पास कम पड़ रहे लड़ाके? विदेशियों को नागरिकता देने का पुतिन का नया प्लान

मॉस्को, 24 सितंबर (वार्ता)। यूक्रेन के खिलाफ जंग के बीच रूस ने शनिवार को बड़ा फैसला लिया है। रूस ने कहा है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने वाले विदेशी नागरिकों को अपने देश की नागरिकता देगा। इसके साथ-साथ रूस ने जंग के बीच में स्वेच्छा से आत्मसमर्पण करने वाले जवानों और लड़ने से इनकार करने वालों के लिए सजा और कड़ी कर दी है। रूस के इस फैसले से यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या रूसी सेना के पास जवानों की कमी तो नहीं हो गई है।

## गंगा बैराज में महिला कूदी, गोताखोर तलाश में जुटे

रामराज, २४ सितम्बर (बु.) रामराज निवासी एक महिला मानसिक तनाव के चलते गंगा में कूद गई। राजमार्ग से गुजर रहे राहगीर ने महिला को कूदते देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर स्थानीय गोताखोर की मदद से गंगा में तलाश शुरू कर दी है। रामराज एसओ अक्षय शर्मा ने बताया कि मेरठ जनपद के थाना बहसूमा थानाक्षेत्र के रामराज निवासी ५० वर्षीया महिला सुमन पत्नी सोमदत्त पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में थी। शनिवार की सुबह उक्त महिला परिजनों को बिना बताए घर से निकलकर गंगा बैराज पर पहुंच गई तथा करीब सवा ग्यारह बजे गंगा में कूद गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को गंगा बैराज के गेट नंबर २३ के सामने महिला की चप्पल व मोबाइल रखा हुआ मिला। पुलिस ने मोबाइल की मदद से महिला के परिजनों को सूचना दी तथा स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर गंगा में महिला की तलाश शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक महिला का कोई सुराग नहीं लग सका। तथा परिजन गंगा बैराज पर ही मौजूद थे।

### मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:-
रसकट ढैया-1225, चाकू 3250-3400, चौरसा -3200, पपड़ी-3200

### सर्राफा बाजार

*अरिहन्त ज्वैलर्स*

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे-
सोना- 51,050 चांदी- 57,750
सिक्का- 70,000 गिन्नी- 40,250

## मारपीट कर किया घायल

भोपा, २४ सितम्बर (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी महिला रीना ने भोपा थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसका पति बाबूराम दूधिया का कार्य करता है। बीते शुक्रवार की रात्रि वह मुजफ्फरनगर में दूध बेचकर वापस घर लौट रहा था, जैसे ही वह जौली के पास राजवाहे की पुलिया के पास पहुंचा, तो कार सवार व्यक्तियों ने उसे जबरदस्ती रोक लिया तथा भोपा क्षेत्र के अथाई निवासी दो व्यक्तियों व उनके अज्ञात साथियों ने लाठी-डंडों से वार कर उन्हें घायल कर दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को मुजफ्फरनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## आपका आज का राशिफल

रविवार, 25 सितम्बर, 2022

**मेष**-विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, विवाद समापन की ओर, यात्रा संतोषजनक।

**वृषभ**-सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी, कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, मेल-मिलाप की ओर रुचि, व्यापार में धन निवेश, सुयश की प्राप्ति।

**मिथुन**-स्वास्थ्य में शिथिलता, पारिवारिक समस्याओं से मन उदास, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, अपव्यय भी।

**कर्क**-ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, पुरातन विवाद का समापन, पठन-पाठन में रुचि, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

**सिंह**-विचारित कार्यों में प्रगति, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, विवादास्पद मसला हल, मनोबल में वृद्धि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, सद्विचारों का उदय।

**कन्या**-ग्रहयोग बेहतर, समस्याएं सुलझने की ओर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मानसिक राहत, धर्म अध्यात्म में आस्था, जिम्मेदारियों हेतु व्यय।

**तुला**-दनचर्या अव्यवस्थित, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, अशांति का माहौल, यात्रा कष्टकर।

**वृश्चिक**-नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में सुखी, मनोरंजन में रुझान।

**धनु**-पराक्रम से कार्यसिद्धि, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मबल में वृद्धि, महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक प्रसन्नता, परोपकार की भावना जागृत।

**मकर**-व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पारिवारिक मतभेद समाप्त, संभावित यात्रा का कार्यक्रम, मंगल आयोजन संपन्न।

**कुम्भ**-दिनचर्या अस्त-व्यस्त, अध्यात्म के प्रति अरुचि, राजकीय पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, विचारों में उग्रता, उन्नति में बाधा।

**मीन**-समय संतोषजनक, परिस्थितियां अनुकूल, सुसंदेश की प्राप्ति, नौकरी में विषयक मसला हल, प्रियजनों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२

## भव्य चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन सनातन धर्म इंटर कॉलेज में हुआ



मुजफ्फरनगर, २४ सितम्बर (बुस.)। आज प्रसिद्ध समाजसेवी व कलाप्रेमी स्व. चितरंजन स्वरूप के जन्मदिन पर एक भव्य चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन सनातन धर्म इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सोहन पाल के दिशा निर्देशन में किया गया, जिसका उद्घाटन कॉलेज के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोयल व प्रबंधक सौरभ स्वरूप के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर तथा चितरंजन स्वरूप के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोयल ने कलात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहन के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। कॉलेज के प्रबंधक सौरव स्वरूप ने कलात्मक गतिविधियों के सुंदर प्रयास की सराहना की वह सभी कलाकारों को निरंतर आगे बढ़ने व कलात्मक गतिविधियों में निरंतर रुचि बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. महावीर सिंह ने कला के ऐसे आयोजनों के लिए अच्छे संरक्षक की नितांत आवश्यकता है। इस बात पर बल दिया और कहा अच्छे संरक्षक के अभाव में प्रायः कला दम तोड़ रही है। सौरभ स्वरूप ने कहा कि मैं मुजफ्फरनगर में कला का दम टूटने नहीं दूंगा। प्रधानाचार्य सोहन पाल ने सभी कलाकारों का विद्यालय परिसर में आकर सफल आयोजन के लिए सभी कलाकारों का विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद दिया। मंच संचालन अरविंद कुमार व डॉ. अनिल सैनी के संयुक्त रूप से किया। इस प्रदर्शनी में दिल्ली से आए कलाकार सुनील सैनी, अनमोल सोनी, रवि सैनी, सीमा त्यागी, मोहिनी धीमान, दीपिका, अंजली सैनी, प्राची सैनी, इंदु सागर, रवि सागर, मानसी नामदेव, राधिका सैनी, इशरत, नैना, नितिका, सोनिया सैनी, मोहम्मद समीर, कार्थिक देव सैनी, मोनू, उज्जवल धीमान, रोहिणी आदि का सहयोग रहा। प्रदर्शनी के संयोजक डॉक्टर राजपाल सैनी ने बताया कि यह प्रदर्शनी २५ व २६ सितंबर को भी दर्शकों के लिए प्रातः १० बजे से ५ बजे तक सायं खुलेगी। डॉ. वेदपाल सिंह, जनेश्वर दास ने भी सुंदर आयोजन की प्रशंसा की व सभी कलाकारों को बधाई दी।

## समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की शिकायतों का ससमय हो निस्तारण : राजीव सभरवाल



मुजफ्फरनगर, २४ सितंबर, (सूवि)। आज अपर पुलिस महा निदेशक मेरठ जोन व डीएम एवं एसएसपी की अध्यक्षता में छपार थाना में समाधान दिवस/थाना दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस महा निदेशक मेरठ जोन ने कहा प्रदेश सरकार के मंशानुरूप समाधान दिवस/थाना दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला, तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त आशय के निर्देश छपार में आयोजित समाधान दिवस/थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान डीएम चंद्र भूषण सिंह ने व्यक्त किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाधान दिवस/थाना दिवस में आयी जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा राजस्व और पुलिस द्वारा गठित टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायतों को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बालिकाओं/महिलाओं की शिकायतों का मौके पर जाकर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर एसएसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी-बड़ी सभी शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय-सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने पावे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार मिश्रा एसपी सिटी, थानाध्यक्ष, राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण सहित फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट में योगी सरकार के वकील बने चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे श्रीयश

लखनऊ, 24 सितंबर (वार्ता)। योगी सरकार ने भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित के बेटे श्रीयश यू ललित को सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में नियुक्त किया है। इस बाबत यूपी प्रशासन की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। हाल ही में एनवी रमण की रिटायरमेंट के बाद जस्टिस यूयू ललित ने सुप्रीम कोर्ट के 49वें चीफ जस्टिस का पद संभाला है। महाराष्ट्र के सोलापुर में जनमे जस्टिस यूयू ललित की चार पीढ़ियां वकालत से जुड़ी हुई है।

## गहलोत 28 सितंबर को दाखिल करेंगे नामांकन

जयपुर, 24 सितंबर (वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 28 सितबंर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर राजस्थान के मंत्री, विधायक,पदाधिकारी और अग्रिम संगठन के भी नेता-पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस बीच सीएम पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे सचिन पायलट दिल्ली पहुंच गए है। चर्चा है कि सचिन पायलट कल दिल्ली में प्रदेश प्रभारी अजय माकन से मुलाकात करेंगे। इसके बाद पायलट की सोनिया गांधी से मुलाकात होने के आसार है।

## स्वच्छ भारत मिशन में हुए फर्जीवाडे में फंसा ग्राम प्रधान

### –डीएम कार्यालय से जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत किये कार्यों में फर्जीवाड़ा पाये जाने पर शनिवार को ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस प्रशासन की ओर से जारी किया गया है। प्रशासन की ओर से की गई कार्यवाही से क्षेत्र के अन्य प्रधानों में अनहोनी की आशंका को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। मुजफ्फरनगर की जानसठ तहसील के मोरना ब्लॉक के ग्राम ककराला निवासी पूजा की ओर से डीएम चन्द्र भूषण सिंह को की गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए डीआईओएस गजेन्द्र कुमार एवं अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की टीम द्वारा की गई जांच की आख्या रिपोर्ट के आधार पर स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अन्तर्गत 78 सोख्ता गड्ढे जिनमें 6 गड्ढे खाद एवं एक प्लॉस्टिक संग्रह के लिए प्राप्त धनराशि से करीब 6 माह पूर्व प्रधान द्वारा 6 लाख 80 हजार रूपये की धनराशि निकाली गई। उक्त निकाली धनराशि से इस बीच में मात्र 6 व 7 गड्ढों का निर्माण कराकर शेष धनराशि हड़प ली गई। डीएम की ओर से गठित जांच समिति की प्रारम्भिक जांच में 24 गड्ढे ही निर्मित पाये गये, जिन पर 81,128 रुपये की धनराशि खर्च की गई। उक्त ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव द्वारा की गई अनियमितता पर सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर अब जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामले में जांच के रडार पर मिली अनियमितता के चलते दोषियों से कार्यवाही की आशंका से क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधानों में हड़कंप मचा है।

## थाने के पास शराबियों के डेरे से किसान परेशान

भोपा, २४ सितम्बर (बु.)। बेहड़ा–चौरावाला मार्ग पर शराबियों के जमावड़े से किसान परेशान हैं। किसान ने संदिग्ध शराबियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। थाना ककरौली से कुछ ही दूरी पर स्थित ट्यूबवेल पर शाम के समय शराबियों के जमावड़े से किसान परेशान है। ट्यूबवेल पर बैठकर संदिग्ध व्यक्ति शराब का सेवन करते हैं। किसानों के अनुसार शराब पीकर संदिग्ध छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम देते हैं। शराबी ट्यूबेल पर खाली बोतलें रखकर इधर-उधर फेंक देते हैं, जिससे किसानों को घायल होने का खतरा बना रहता है। किसानों ने किसी भी अपराधिक घटना के घट जाने की आशंका जताते हुए उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।



## श्री कृष्ण लीलाओं के बखान के साथ हुआ कथा का विश्राम

### –श्राद्ध पक्ष में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलती है मुक्ति

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर (बु.)। कचहरी परिसर के अति प्राचीन सिद्ध पीठ श्री चन्द्रेश्वर भगवान शिव के सानिध्य में गत 18 सितंबर श्राद्ध पक्ष के अंतर्गत आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के विश्राम अवसर पर भगवान चन्द्रेश्वर के चरणों में समर्पित कर के कथा सौल्लास के साथ संपन्न हुई। इस दौरान कथा व्यास पंडित श्याम शंकर मिश्र जी द्वारा भक्तों को भगवान के विभिन्न स्वरूपों का संगीतमय विस्तार से वर्णन करते हुए श्रीमद्भागत कथा को विश्राम दिया गया। बीते एक सप्ताह से लगातार चल रही वर्षा के बावजूद भी श्रोताओं की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी होने से इस सिद्ध पीठ के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया। व्यासपीठ से श्रद्धालुओं पर श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास पंडित श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि भगवान को कब और क्यों 56 भोग लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि श्री नाथ द्वारा मन्दिर व सभी पुष्टि मार्गीय हवेली में ठाकुर जी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर धारण किया था। न सात दिन का भोग आठ बार तक लगाया जाता है, इसी से ठाकुर जी को 56 भोग लगाया जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में जिला बार संघ महामंत्री सुरेन्द्र मलिक एडवोकट, मनीष कुमार लक्ष्य टायल्स, राजकुमार चौहान एड, ईशान जैन एड, राजबीर सिंह त्यागी एडवोकट, मनी कपूर कोका कोला, विपिन अरोरा, रामफल सिंह पुंडीर एड, चंद्रमनी एड, अरूण वर्मा व बृजपाल सिंह एडवोकेट आदि का पूर्ण रूप से योगदान रहा। आज की पूजा के यजमान अभिषेक अरोरा सपत्नीक रहे। कथा आयोजक प्रवीण अरोरा एडवोकट रहे। कथा मंडप की विशेष वाटरप्रूफ व्यवस्था अश्वनी रहेजा, मनीष टेन्ट वालों द्वारा की गई। कथा में मानव कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा कथा सप्ताह में सफल संचालन किया गया। आज की कथा में उपस्थित भक्त जनों द्वारा सुदामा रूप में भगवान श्री कृष्ण जी के चरणों में चावल की भेंट दी गई। संजीव कुमार पप्पू द्वारा श्रोताओं के बैठने की प्रशंसनीय व्यवस्था रही। कथा में सत्संग भवन शामली रोड के महेन्द्र कुमार गोयल पैट्रोल पम्प वाले, त्रिलोक चंद गुप्ता, श्याम लाल बसंल की मौजूदगी कथा आयोजकों का उत्साहवर्धन करने वाली रही।



## सम्राट शाखा को किया डीएम ने सम्मानित

मुजफ्फरनगर, २४ सितम्बर (बुस.)। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर सम्राट शाखा को क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को गोद लेने के लिए डीएम द्वारा एक भव्य आयोजन में सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारत विकास परिषद के प्रा. चेयरमेन सुनील अग्रवाल (क्षय रोग निवारण) के अलावा शाखा की ओर से सुनील गर्ग, अजय अग्रवाल एडवोकेट व डॉ. नितिन जैन व परमकीर्तिशरण अग्रवाल, रोहिताश कर्णवाल एडवोकेट, कीमती लाल जैन, प्रवीण सिंघल ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए डीएम चन्द्र भूषण ने कहा कि क्षय रोग के निवारण में मुजफ्फरनगर को उत्तर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है, जिसके लिए सरकार की ओर से मुजफ्फरनगर के क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश चन्द्र गुप्ता को सम्मानित किया गया है। सीएमओ डॉ. एम.एस.फौजदार व डॉ. लोकेश ने शाखा द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा आगे भी सहयोग की अपेक्षा की। डीएम से सम्मान प्राप्त कर शाखा के प्रत्येक सदस्य के लिए यह गौरव के क्षण है। शाखा आगे भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य निरन्तर करतीं रहेगी।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
डिप्टी –सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
☎ (प्रकाशक)–98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

# सत्ता के नशे में कारनामे

उत्तराखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल से नेताओं और अधिकारियों के काले कारनामें सामने आ रहे हैं। उत्तराखंड में नेता के बेटे का नाम लड़की की हत्या में सामने आया, जनता ने, नेता पुत्र और उसके साथियों की धुनाई भी कर दी और उनकी फैक्ट्री भी फूँक दी। दिल्ली में जल बोर्ड में घोटाले की ख़बरें हैं। मध्यप्रदेश से एक नेता का काला कारनामा सामने आ रहा है, उस पर आरोप है कि उसने एक युवती से गाड़ी में रेप किया। ममता बनर्जी के परिजनों पर आय से अधिक सम्पति करने के आरोप हैं। सत्ता के नशे में किये जाने वाले गुनाह इन दिनों खूब बढ़ गए हैं। उत्तराखंड में निर्दोष युवती की हत्या ऐसा ही काला कारनामा है। भाजपा ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और आरोपियों के परिजनों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में अंकिता भंडारी मर्डर केस में लोगों का विरोध जारी है। कल सुबह नहर से अंकिता का शव मिला। हत्या का आरोप राज्य के पूर्व मन्त्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित पर है, 19 साल की अंकिता उसके रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। प्रशासन ने शुक्रवार रात को पुलकित के रिसॉर्ट को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। गुस्साए लोगों ने उसमें आग लगा दी। पुलकित ने पुलिस को अंकिता के बारे में झूटी कहानी बताई। कहानी झूठ निकलते ही पुलिस का शक गहरा गया और उससे सख्ती से पूछताछ शुरू हुई। सोशल मीडिया पर भी उसकी तलाश के लिए कैंपेन चल रहा था। पुलिस ने शक के आधार पर पुलकित से पूछताछ की। आरोपी ने अंकिता को गंगा में धकेल देने की बात कबूल की। इसके बाद रेस्क्यू एजेंसियों ने अंकिता का शव चिल्ला पावर हाउस के पास एक नहर से बरामद किया। पुलिस आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के लिए कोटद्वार लेकर जा रही थी। इसी दौरान बैराज पुल से आगे कोडीया में सैंकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी रोक ली और तीनों को जमकर पीटा। हालांकि, पुलिस ने बीच-बचाव कर तीनों को भीड़ से निकाला। इस घटना के बाद भाजपा ने पुलकित के पिता विनोद आर्य को पार्टी से निकाल दिया। वे भाजपा नेता और उत्तराखंड सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पुलकित के भाई अंकित आर्य को भी उत्तराखंड ओबीसी कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। घटना से नाराज लोगों ने स्थानीय भाजपा विधायक रेणु बिष्ट की गाड़ी के कांच भी फोड़ दिए। दिल्ली जल बोर्ड में २० करोड़ रुपये की हेराफरी के आरोप लगे हैं। इसको लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने चीफ सैक्रेटरी को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए है। एलजी ने कहा है कि पैसों की हेराफेरी में शामिल अधिकारियों की पहचान हो और उनकी जवाबदेही तय हो। यह मामला सबसे पहले २०१९ में सामने आया था। उस वक़्त आरोप लगे थे कि उपभोक्ताओं से पानी के बिल के रूप में २० करोड़ रूपये वसूले तो गए, लेकिन यह पैसे दिल्ली जल बोर्ड के खाते में जमा नहीं किए गए। आरोप के मुताबिक इस घोटाले में कुछ बैंककर्मी भी शामिल हैं। वहीं एफआईआर के आदेश देने के साथ ही एलजी विनय सक्सेना ने अधिकारियों से जल्द से जल्द धनराशि की वसूली सुनिश्चित करने को कहा है। इससे पहले उपराज्यपाल, दिल्ली परिवहन निगम और आबकारी नीति को लेकर भी जांच के आदेश दे चुके हैं। दिल्ली परिवहन निगम द्वारा १,००० लो-फ्लोर बसों की ख़रीद में धांधली का आरोप है, जिसके लिए एलजी ने सीबीआई को शिकायत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। मध्य प्रदेश से शर्मनाक ख़बर आ रही है। नौकरी दिलवाने के नाम पर जबलपुर की 28 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि भाजपा नेता व्यापारी प्रकोष्ठ, शशिकांत सोनी उसे जबलपुर से भोपाल लेकर आया और कार में रेप किया। पीड़िता रोने लगी, तो उसे वापस जबलपुर ले गया और हाईवे पर छोड़ दिया। पीड़िता का मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर दिया। नौकरी नहीं मिलने पर पीड़िता भोपाल पहुंची और टीटी नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उधर, भारतीय जनता पार्टी ने सोनी को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। रेप का मामला दर्ज होने के बाद शशिकांत सोनी को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया है। ज़िला अध्यक्ष भाजपा ने इस सम्बंध में लेटर जारी कर दिया। उन्होंने लिखा, उनका कृत्य शर्मनाक है और इससे पार्टी की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। पश्चिम बंगाल की मुख्य मन्त्री ममता बनर्जी के 5 भाइयों और एक भाभी पर आय से ज्यादा संपत्ति जमा करने के आरोप हैं। कोलकाता हाईकोर्ट में लगी पिटीशन के मुताबिक 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से बनर्जी परिवार की संपत्ति बेहिसाब बढ़ी। हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों को 11 नवंबर तक एफिडेविट जमा करने के आदेश दिए हैं। 2011 से ममता बनर्जी बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। इस दौरान शारदा स्कैम, रोज वैली स्कैम, नारदा स्कैम, पोंजी स्कैम और रिक्रूटमेंट स्कैम हुए। एक भी रिक्रूटमेंट प्रोसेस भ्रष्टाचार के बिना पूरी नहीं हुआ। इन घोटालों में टीएमसी के कई नेता अरेस्ट भी हुए।पॉलिटिकल लीडर्स और मीडिया ने ममता बनर्जी के फैमिली मेंबर्स की बेहिसाब सम्पत्ति पर खुलासे किए। गनाशक्ति नाम के बांग्ला अखबार ने दावा किया कि कोलकाता की हरीश चटर्जी स्ट्रीट पर ज्यादातर प्रॉपर्टी बनर्जी परिवार की हैं। ममता के भाई समीर बनर्जी की पत्नी कजरी बनर्जी ने 2021 में वार्ड नंबर-73 से चुनाव लड़ा। उन्होंने एफिडेविट में खुद को सोशल वर्कर बताया। पति और खुद की प्रॉपर्टी 5 करोड़ रुपए बताई। सोशल वर्क करके 5 करोड़ कैसे कमाए जा सकते हैं। 14 मई 2019 को कजरी बनर्जी ने वेस्ट बंगाल हाउसिंग बोर्ड से एक प्रॉपर्टी 19 लाख रुपए में खरीदी, लेकिन उसकी मार्केट वैल्यू 63.78 लाख रुपए थी। कजरी ने एफिडेविट में कई जानकारियां छिपाईं। बेटे को डिपेंडेंट बताते हुए उसके पैन नंबर का ज़िक्र नहीं किया, जबकि वे केए क्रिएटिव एलएलपी की मालकिन हैं। केए क्रिएटिव के जरिए हरीश मुखर्जी रोड पर 1.30 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी खरीदी गई। इसकी सही क़ीमत 5.19 करोड़ रुपए थी।

**चार तीर** -सुनील 'उत्सव'

'बिजली' 'इमदाद' 'कुनबा' 'घर'
बिजली चोरी करके जिनके घर में खाना बनता है,
वो सब भी बिजली वालों को भला-बुरा ही कहते हैं।
सरकारी इमदाद पे जिनका पूरा कुनबा पलता है,
ऐसे लोग भी सरकारों को भला बुरा ही कहते हैं।

## आईआईए से जुड़ी समस्याओं का होगा न्यायसंगत निदान

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर ( बु. )। शनिवार को आई आई ए प्रतिनिधि मंडल की समस्याओं को लेकर दोनों मंत्री सकारात्मक दिखाई दिए और उन्होंने समस्या के निदान का आश्वासन दिया। इस कड़ी में जहां प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उद्यमियों की समस्याओं को बहुत ध्यान से सुनने के साथ ही उसके समाधान के लिए प्रमुख सचिव मनोज सिंह व पर्यावरण मंत्री से फोन पर अविलंब बात करते हुए इस समस्या के समाधान के लिए कहा। वहीं मंत्री ने उद्यमियों को भी आश्वस्त किया कि वें प्रकरण को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर समस्या समाधान कराएंगे। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान ने भी आई आई ए के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं उच्च स्तर पर समस्या समाधान के लिए वार्ता करूंगा। साथ ही उन्होंने सीएक्यूएम मेंबर सेक्रेट्री अरविंद नौटियाल से बात करते हुए न्याय संगत समाधान के लिए कहा। केन्द्रीय मंत्री ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उन पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही नहीं होगी।





मंत्री कपिल देव अग्रवाल को ज्ञापन देते उद्यमीगण व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित करते मंत्री कपिल देव।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण वितरित कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

मुजफ्फरनगर २४ सितम्बर। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिव्यांगों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरित कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में देश भर में सेवा पखवाडे का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में आज शहर विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर की मेरठ रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पात्र दिव्यांगजनो का चयन एवं कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत उपकरण वितरण शिविर में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये। मंत्री कपिल देव ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों, क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए जीवन की चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करने व आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई व्यक्ति परफेक्ट नहीं होता है। हर किसी में कोई न कोई कमी जरूर होती है। अगर व्यक्ति अपने अंदर की कमियों को स्वीकार कर उन्हें सुधारने की कोशिश करता है, तो उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। मंत्री कपिल देव ने उपस्थित सभी निशक्तजनों में आत्मविश्वास की भावना को जागृत करते हुए उन्हें उज्ज्वल की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनीत कुमार मालिक, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल, जिला उपाध्यक्ष संजय गर्ग, शरद शर्मा, नितिन मलिक, जिला महामंत्री विजय सैनी, रोहिल वाल्मीकि, रेणु गर्ग, मंडल अध्यक्ष हरेंद्र पाल, कपिल त्यागी, सुनील तायल, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कविता सैनी, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल, जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल, कुलदीप, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, विशाल गर्ग, नवनीत गुप्ता, मौ. सलीम, रक्षित नामदेव आदि मौजूद रहे।



## मंत्री कपिल देव ने जनकपुरी में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर ( बु. )। जनकपुरी में हुई नवविवाहिता की मृत्यु की घटना के बाद मंत्री कपिल देव ने परिजनों को सांत्वना दी व एडीजी मेरठ से वार्ता कर दोषियों के विरुद्ध कार्यावाही के निर्देश दिए। दरअसल मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जनकपुरी का है, जहां छह माह पूर्व शादी करके अपनी ससुराल आई एक नवविवाहिता पूजा पाल पत्नी दीपक पाल ने मनचले युवक से तंग आकर फांसी के फंदे पर लटकर आत्महत्या कर ली। प्रदेश सरकार में मंत्री व नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने आज जनकपुरी में मृतका के आवास पर जाकर परिजनों से मिलकर मामले की जानकारी ली। पीड़ित परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका पूजा जिस गाँव की रहने वाली थी, उसी गांव में एक सोनू नामक युवक अपनी बुआ के घर आता था, वो पूजा को तभी से परेशान करता था। शादी के बाद भी उसकी हरकतें कम नहीं हुई। सोनू और उसके दो साथी पूजा को परेशान कर रहे थे, जिनसे तंग आकार पूजा ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों का कहना हैं कि मुख्य आरोपी सोनू और उसके साथियों ने गत १० सितंबर को पूजा के मायके काजीखेड़ा में उसके घर पर फायरिंग की थी। उस युवक के खिलाफथाना तितावी में शिकायत भी की थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। अगर समय रहते तितावी पुलिस उस मनचले पर कार्यवाही कर देती, तो आज उस नवविवाहिता को अपनी जीवन लीला खत्म करने की जरूरत नहीं पड़ती। मंत्री कपिल देव ने एडीजी मेरठ राजीव सबरवाल से वार्ता कर मामले की गहनता से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने को कहा हैं तथा इंस्पेक्टर सिविल लाइन व चौकी इंचार्ज को परिजनों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री कपिल देव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया हैं।



हॉकी के जादूगर
**श्री विष्णु राजकुमार जी**
(बच्चू भाई)
की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन
25 फरवरी 1936 - 25 सितम्बर 2018

## मंत्री बालियान और कपिल देव से मिले आईआईए के उद्यमी

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर ( बु. )। एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने आदेश जारी कर 01 अक्टूबर से डीजल जेनरेटिंग सेट्स के चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। शनिवार को इसके विरोध में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े उद्यमियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान तथा यूपी के राज्यमंत्री व सदर विधायक कपिल देव अग्रवाल से मिलकर अपनी समस्या बताई। इससे पूर्व आईआईए ने बीते दिवस मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए भविष्य की रणनीति की घोषणा की थी, जिसके क्रम में शनिवार को दोनों मंत्रियों से मिलकर उक्त समस्या से निदान कराने की मांग की गई। इस दौरान आईआईए ने छ सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। आईआईए प्रतिनिधिमंडल ने चैप्टर चेयरमैन विपुल भटनागर के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान और राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से शनिवार को उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल उद्यमियों ने विभाग द्वारा जारी किए गए अव्यवहारिक निर्देशों के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए चैप्टर चेयरमैन विपुल भटनागर ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र के उद्योग सीएक्यूएम के निर्देशों से बंद हो जाएंगे और इनका प्रभाव सबसे अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों पर पड़ेगा, जिस कारण एनसीआर के लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे और उद्योग बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने की है परंतु कुछ निर्णय जो बंद कमरों में अफसर ले रहे हैं, उनमें प्रभावित होने वाले उद्योगों का फीडबैक लिए बिना अव्यवहारिक निर्देश थोपते हुए ऐसा दर्शाया गया है कि प्रदूषण में सिर्फ उद्योग ही दोषी हैं, जबकि लॉकडाउन में उद्योग संचालन होने के बावजूद नीले आसमान होने के साथ ही वायु गुणवत्ता व पर्यावरण के हिसाब से माहौल अच्छा रहा इसका जवाब किसी के पास नहीं है। बाद में आईआईए से जुड़े पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय विद्युत समिति सदस्य अश्वनी खंडेलवाल ने बताया कि अभी तक डीजल जेनरेटर को पीएनजी में परिवर्तित करने की सरकार के पास कोई तकनीकी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यह आदेश पूरी तरह ही गलत है। प्रदेश में उद्योगों के लिए बिजली की उपलब्धता 24 घंटे होने से, ऐसे में जनरेटर का उपयोग सिर्फ टेक्निकल फॉल्ट आने पर किया जाता है जो 15-20 मिनट से अधिकतम आधा घंटा होता है। जो पॉल्यूशन का कारक नहीं हो सकता। इस दौरान मुख्य रूप से अश्वनी खंडेलवाल, मनीष भाटिया, पवन गोयल, अरविंद मित्तल, अमित गर्ग, सुधीर गोयल, शमित अग्रवाल, दीपक सिंघल, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन 27 तक आमंत्रित

मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर ( बु. )। खेल मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर प्रदेश में शुरू राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2022 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर के उप क्रीडा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों यानी मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, दोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित अधि सूचनाएं मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड की गई थी। उप क्रीडाधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अब 20 सितंबर, 2022 से बढ़ाकर 27 सितंबर, 2022 कर दी गई है। इस पुरस्कार के लिए सभी पात्र खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षकों, संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों ने पहले ही विभाग को अपना आवेदन जमा कर दिया है, उन्हें इसे दोबारा जमा करने की जरुरत नहीं है। उप क्रीडाधिकारी ने बताया कि समय रहते इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जमा करा दें, 27 सितंबर, 2022 के बाद प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जनप्रतिनिधि नहीं जगे, तो खुद किया निर्माण

बुढ़ाना, 24 सितंबर ( बु. )। गांव के एक दो जन प्रतिनिधियों को कुंभकर्णी नींद सोया देखकर आखिर ग्रामीणों ने खुद ही बीड़ा उठाते हुए गांव की काफी दिनों से पड़ी क्षतिग्रस्त सड़क को बड़ी मेहनत के बाद ठीक कर दिया। एक तरफ जहां आते जाते राहगीर इन ग्रामीणों को दुआ देते रहे, तो वहीं दूसरी ओर इन जनप्रतिनिधियों को खूब जमकर कोसा गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लॉक के गांव जौला में बुढ़ाना वाया कांधला मार्ग का लगभग २०० मीटर तक का रोड काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है, जिसमें अब गहरे गहरे गड्ढे हो गये थे। सुबह से शाम तक कई ई रिक्शा चालक और बाइक सवार व्यक्ति गिरने से चोटिल भी हो जाते थे, लेकिन कोई भी सम्बंधित अधिकारी संज्ञान लेने को तैयार नहीं था। जनप्रतिनिधि भी इस मार्ग की सुध लेने को बिल्कुल भी तैयार नहीं थे। इसी से हार थककर युवाओं ने खुद के जरिये शनिवार के दिन ट्रेक्टर ट्रालियां लेकर ईंट व रोडे भरकर उक्त सड़क को सही करने में कामयाबी हासिल कर आते जाते राहगीरों का दिल जीत लिया। इन सब युवाओं का यह कार्य काबिले तारीफ़ रहा। इस दौरान श्रमदान करने वालों में मुख्य रूप से अतिकुर्रहमान, नाजिम अली, उस्मान मिस्त्री, रिहान अली, गोविंद कुमार, जमरूद ठेकेदार, कासिम, हासिम, मुस्तकीम और मारूफ आदि युवा उपस्थित रहे। वास्तव में इन युवाओं ने नाकारा जनप्रतिनिधियों को आइना दिखाने का काम कर यह साबित कर दिया कि वे जन प्रतिनिधियों के मोहताज नहीं हैं। जनता अगर जिता भी सकती हैं तो फिर औंधे मुंह गिरा भी सकती है।


**आवश्यकता है**



ट्रांसपोर्ट नगर मुजफ्फरनगर में एकाउटेंट के कार्य हेतु एक लड़का/लड़की की आवश्यकता है।
-: सम्पर्क करें :-
9760066333

**आवश्यकता है**



ऑटोमैटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है।
अनुभव - 5 वर्ष
-: सम्पर्क करें :-
9568656955
9997127462

**आवश्यकता है**



कोरियर बांटने हेतु महिलाओं की, दो पहिया वाहन व स्मार्ट मोबाइल होना आवश्यक है।
आकर्षक वेतन
अपना बायोडाटा व्हाट्सअप नम्बर 9870611627 पर करें।

**S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES**
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application
for the different Teaching & Non-Teaching Positions in
**BBA / BCA / B.Sc (CS)**
Eligibility & Salary for Teaching : As per UGC & University Norms
Eligibility for Non-Teaching: * Proficiency in Hindi & English Typing
* Good communication skills
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsmzn@rediffmail.com
Contact: 8937095006, 8937095007


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ***नीतू कुमारी*** (NEETU KUMARI) से बदलकर ***नीतू*** (NEETU) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे नीतू के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**नीतू**
*पत्नी अखिलेश कुमार*
निवासी : 464/105, साउथ सिविल लाइन, सुमन विहार, मुजफ्फरनगर


**आवश्यकता है**



रेडीमेड गारमेन्ट शोरूम (MONTE CARLO) में काउन्टर सेल के लिए लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है।
कम्प्यूटर वालों को वरीयता दी जायेगी।
वेतन : योग्यतानुसार
चौड़ी गली, निकट मोहन हलवाई, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्र :- 9897024717, 9720005209


## शाहपुर में 'चाची ताड़का' मारी गई, अहिल्या का भी 'उद्धार' हुआ, उमड़ी दर्शकों की भीड़



शाहपुर, २४ सितंबर (बु.)। शाहपुर में चल रहे श्री आदर्श रामलीला महोत्सव में चौथे दिन रंगमंच पर ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार का दर्शनीय मंचन किया गया। चित्रकूट धाम की विश्व प्रसिद्ध कलामंडली द्वारा विश्वामित्र –दशरथ एवं कौशल्या– राम संवाद मंचन देख उपस्थित राम रसिक बंधु भाव विभोर हो गए। राम–लक्ष्मण द्वारा मुनि विश्वामित्र के साथ सीता स्वयंवर के लिए जनकपुरी पहुंचने एवं वहां की शोभा देखने के प्रसंग का सुंदर मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। कल (आज) धनुष यज्ञ की लीला का मंचन बड़ी तैयारी के साथ दिखाया जाएगा। खराब मौसम के बावजूद भी शनिवार रात्रि रामलीला में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर के मेन बाजार स्थित श्री रामलीला मैदान में चित्रकूट धाम से पधारी पंडित जमुना प्रसाद शुक्ल के नेतृत्व वाली प्रसिद्ध कलाकार मंडली दिन प्रतिदिन अपने अभिनय का लोहा मनवा रही है। श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के बैनर तले चल रहे श्री आदर्श रामलीला महोत्सव के चौथे दिन राक्षसों के आतंक से मुक्ति के लिए भगवान राम एवं लक्ष्मण को मांगने राजा दशरथ के पास अयोध्या पहुंचते हैं। यहां राजा दशरथ का मुनि विश्वामित्र से संवाद हुआ इसके बाद भगवान राम माता कौशल्या से मुनि के साथ जाने के लिए आज्ञा लेने आते हैं। कौशल्या और राम का संवाद होता है। इसके पश्चात राम–लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ उनके यज्ञ–हवन आदि की रक्षा के लिए वनों के लिए प्रस्थान करते हैं। यहां सुंदरवन में राक्षसी ताड़का का वध करते हैं। ताड़का सकेतु यक्ष की पुत्री थी। उसका विवाह सुंड नामक राक्षस के साथ हुआ था। वह अपने दो पुत्रों सुबाहु व मारीच के साथ रहती थी। ताड़का में १००० हाथियों के बराबर बल था। ताड़का वध के दौरान ताड़का का भयावह रूप देखकर रामलीला मैदान में उपस्थित दर्शक व बच्चे से हम गए। ताड़का के साथ भगवान राम उसके पुत्र सुबाह का भी वध कर देते हैं और दूसरे पुत्र मारीच को अपने बाण लंका में पहुंचा देते हैं। मुनि विश्वामित्र भगवान राम को दिव्यास्त्र देते हैं। इस दौरान पंडो से भगवान राम लक्ष्मण की भेंट होती है, जो भगवान राम की वंशावली सुनाने के लिए आपस में तर्क वितर्क करते हैं और इक्ष्वाकु वक्ष से लेकर राजा दिलीप भगीरथ से लेकर सूर्यवंश मे रघु से लेकर महाराजा दशरथ तक की वंशावली सुनाते हैं। मार्ग में भगवान पत्थर की शिला बनी अहिल्या का उद्धार करते हैं। विश्वामित्र बताते हैं कि अहिल्या ब्रह्मा जी की मानस पुत्री थी। उनकी सुंदरता पर इंद्रदेव मोहित थे। उनके पति महर्षि गौतम ब्रह्म काल में गंगा स्नान के लिए जाते थे। देवताओं के राजा इंद्र ने अपनी इच्छा पूर्ति के लिए चंद्रमा से मिलकर मायावी विद्या का प्रपंच रचा। १ दिन अर्धरात्रि में चंद्रमा ने मुर्गे की बांग दी। महर्षि गौतम ब्रह्म काल जानकर गंगा स्नान के लिए चले गए। इंद्र गौतम ऋषि का वेश बनाकर अहिल्या की कुटिया में दाखिल हो गए, जबकि चंद्रमा बाहर पहरे पर खड़े हो गए। गंगा स्नान के वक्त मां गंगा ने गौतम ऋषि को पूरे षडयंत्र से अवगत करा दिया, जिसके बाद गुस्से से तिलमिलाए गौतम ऋषि ने कुटिया में पहुंचकर चंद्रमा को कमंडल दे मारा, तभी से चंद्रमा पर दाग है। उन्होंने चंद्रमा को श्राप दिया कि सदैव राहु की कुदृष्टि उस पर रहेगी। वहीं उन्होंने इंद्र को भी श्राप दिया कि कभी भी भविष्य में इंद्र को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाएगा, नहीं उसकी पूजा होगी। देवताओं का राजा होने के बाद भी आज तक इंद्र को कभी नहीं पूजा जाता है। उन्होंने अहिल्या को भी श्राप दिया कि वह तुरंत पत्थर की शिला बन जाए। बाद में ऋषि को एहसास हुआ कि अहिल्या की कोई गलती नहीं थी, तो वह अपने वचन वापस तो नहीं ले सकते थे, किंतु उन्होंने कहा कि भविष्य में युगों के उपरांत कोई दिव्य पुरुष अपनी चरण रज से तुम्हें छू लेगा, तो तुम अपने वास्तविक रूप में आ जाओगी। भगवान राम के चरण स्पर्श से पत्थर की शिला सुंदर नारी के रूप में परिवर्तित हो गई। इस दौरान कलाकारों द्वारा भगवान की महिमा में सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए। भगवान राम ने लक्ष्मण की मौजूदगी में विश्वामित्र के समक्ष जनकपुरी में राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर में शामिल होने का निमंत्रण आता है, तो मुनि विश्वामित्र उन्हें लेकर जनकपुर के लिए प्रस्थान करते हैं। यहां राजा जनक के बगीचे में दोनों राजकुमार मुनि के साथ ठहरते हैं। इसके बाद राम लक्ष्मण जनकपुर की शोभा देखने के लिए जाते हैं। इस दौरान बाजार के भ्रमण में उन्हें देखकर जनकपुर वासी मोहित हो जाते हैं। व्यापारी अपने अपने सामान की खूबी दोनों को बताते है। इस दौरान कलाकारों द्वारा, कोई सब्जी ले लो मालन तो आई बड़ी दूर से इसके अलावा चना जोर गरम बाबू मैं लाया मजेदार चना जोर गरम आदि की प्रस्तुति सराही गई।



## किसानों को निर्यात को बढ़ावा देने वाली तकनीक की जानकारी दी जाएगी

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर ( बु. )। प्रोग्रेसिव फार्मरस फोरम के सहयोग से किसानों के लिए खेती को लाभकारी बनाने के लिए जिले में निर्यात योग्य कृषि उत्पादों के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए एपीडा के साथ श्रीराम ग्रुप ऑफ कालेजेज में 26 सितंबर को सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमीनार में कई प्रमुख वैज्ञानिक और एपीडा के प्रतिनिधि किसानों को ऐसे उत्पादों और उत्पादन के तरीकों के बारे में जानकारी देंगे जिससे कृषि उत्पादों के निर्यात पर विचार विमर्श एवं रुपरेखा तैयार की जायेगी। शनिवार को श्रीराम कालेज में आयोजित प्रेसवार्ता में पीजेंट के चेयरमैन अशोक बालियान, कॉलेज के कृषि विभाग के डीन अशोक कुमार अहलूवालिया, प्राचार्या प्रेरणा मित्तल तथा किसान नेता धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि श्रीराम कालेज में 26 सितंबर को सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज गन्ने पर किसान निर्भर है, लेकिन आगे कृषि को लाभकारी बनाना है तो इसमें कुछ बदलाव जरूरी हैं। दुनिया में जिन कृषि उत्पादों की मांग है, उनमें हमारा किसान जानकारी के अभाव में पिछड़ा है। हमारी फसल को गुणवत्ता खराब होने के नाम पर निर्यात का रास्ता नहीं मिलता। ऐसे में किसानों को कृषि फसलों के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक मांग के हिसाब से अनुकूल बनाने के लिए किसानों को समुचित जानकारी की जरूरत है। ऐसे में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ( एपीडा ) के साथ प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ, निर्यातकों, कृषि वैज्ञानिकों, प्रशासन और अन्य संस्थानों के सहयोग से इस सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमीनार में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों और प्रमुख संस्थानों के अधिकारियों द्वारा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों द्वारा विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त अच्छी कृषि पद्धतियों जीएपी के पालन के लिए बहुमूल्य जानकारी प्रदान की जाएगी। ताकि वे विश्व स्तरीय उत्पादन तैयार बेहतर मुनाफा कमा सकें। इसमें चावल और गन्ने के उत्पादों पर खास तौर से जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा फलों, सब्जियों और फूलों के निर्यात को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी जाएगी। भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि जनपद में निर्यात योग्य कृषि उत्पादों के लिए क्लस्टर सुविधा इकाई का गठन किये जाने या एग्री एक्सपोर्ट हब बनाने की जरूरत है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार अहलूवालिया ने बताया कि निर्यात सेमीनार में केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, कई प्रमुख कृषि वैज्ञानिक, एपीड़ा के अधिकारी व जनपद के प्रगतिशील किसान आदि शामिल होंगे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा नम्बर 1164 क्षेत्रफल 5 बीस्वे पुख्ता बालाजी धाम रोड, निकट पेट्रोल पम्प, मुजफ्फरनगर के सम्बंध में मूल वाद संख्या 630 सन् 2022 अनिल स्वरूप बनाम अशोक कुमार आदि न्यायालय सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर में लंबित है। इस भूमि के समस्त अवैध कब्जादारों - 1. अशोक कुमार पुत्र महिपाल सिंह, 2. श्रीमती सुमित्रा सिंह पत्नी स्व. श्री योगेन्द्र सिंह, 3. अमित वर्मा पुत्र स्व. श्री योगेन्द्र सिंह को उक्त वाद की व अन्य लंबित वादों की पूर्ण जानकारी है। खसरा नम्बर 1164 के सम्बंध में इन व्यक्तियों द्वारा किया गया कोई भी अनुबंध या विक्रय अविधिक होगा और ऐसी खरीद बेच करने वाला व्यक्ति उसे स्वयं अपने जोखिम पर करेगा।

*सूचनाकर्ता :* **अनिल स्वरूप**
*पुत्र स्व. विनोद कुमार सिंह*
निवासी : राजभवन, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

## हिजड़ा हिना सहित कई के विरुद्ध दी तहरीर



बुढ़ाना, 24 सितंबर ( बु. )। लिंग काटने के मामले में पीड़ित द्वारा बुढ़ाना पुलिस को हिना हिजड़े सहित कई हिजड़ों के विरुद्ध तहरीर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार हुसैन पुत्र मीर हसन निवासी मौहल्ला भटवाड़ा कस्बा बुढ़ाना ने बुढ़ाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह दिल्ली में रहकर डांस का कार्य करता है। बीती 23 सितंबर को हिजड़ा हिना उर्फ इरफान, सद्दाम, गुलजार, जल्लो, बोबी और तालिम निवासीगण मौहल्ला भटवाड़ा बुढ़ाना ने उसको दिल्ली से उठाकर तथा कुछ खिलाकर बुढ़ाना में लाकर उसका गुप्तांग काटकर अंग भंग कर दिया तथा उसको बुढ़ाना ईदगाह के पास रात्रि में डाल दिया।। उसको आज सुबह ही होश आया। उसके बारे में सारी जानकारी तालिम ने इन सभी को दी और उसका मोबाइल भी इन्होंने ही छीन लिया। इस संबंध में रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी पीड़ित के परिजनों के साथ बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार से मिली और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिस पर उन्होंने रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**शेष : काली नदी में उफान...**

पांचली, रजकल्लापुर, खेड़की, मारकपुर, जिंदावाला, भदौला, भदौली, दादुपुर, सुहैली आदि गांव में फसलों को बरसाती पानी से भारी नुकसान हुआ है। वही रास्तों में पानी भरने से आवागमन की समस्या भी पैदा हुई है। शेरपुर के लेखपाल सोमपाल सिंह ने भी बताया कि सोलानी नदी में वाटर लेवल बढ़ा है, लेकिन स्थिति सामान्य है। सोलानी नदी में बाढ़ का पानी आने से क्षेत्र के दर्जनभर गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

# अग्निवीरों के इरादों पर फिर पानी फिरा

**➲गाजियाबाद और मोदीनगर की रैली स्थगित, अब 12 अक्टूबर को मिलेगा मौका ➲प्रकृति के साथ दिन भर चली सेना और प्रशासन के अधिकारियों की जंग ➲शाम को फिर हुई तेज बारिश के बाद मैदान सुखाने की कोशिशें कीचड़ में धंसी**







कई दिन से लगातार हो रही बारिश से भर्ती स्थल पर भरे पानी के बीच मैदान को सुखाने की प्रक्रिया की निगरानी करते एडीएम व सेना के अधिकारी, मैदान पर लाई गयी मिट्टी तथा मैदान के पानी को एकत्र करने के लिए गड्ढा खोदती जेसीबी मशीन। फोटो बुलेटिन

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर ( बु. )। अग्निवीर भर्ती के बीच तीसरे दिन भी सेना और प्रशासन के अधिकारी प्रकृति से जूझते रहे। कल इंतजाम सुधारने की कवायद को रात की बारिश ने धो डाला। इसके चलते आज गाजियाबाद और मोदीनगर की भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू ही नहीं हो सकी। इसके चलते आज भी सेना के साथ प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारी दिन भर पानी उडेलते और पंपिंग सेट से निकालने के साथ मिट्टी डालकर मैदान को दौड़ लायक बनाने की कसरत में जुटे रहे, लेकिन शाम को फिर से आई तेज बारिश से लगा कि उनकी कुदरत के साथ ठन गई है। तमाम व्यवस्थाएं एक बार फिर राम भरोसे होकर रह गई। ऐसे में रविवार को होने वाली भर्ती के आयोजन को लेकर भी संशय की स्थिति बनी रही।

नगर में चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में चल रही अग्निवीर की भर्ती को बारिश का ग्रहण लग गया है। इसके चलते लगातार तीसरे दिन भर्ती की प्रक्रिया मैदान पर पानी भरा होने और ट्रैक पर दलदल होने के कारण नहीं शुरू हो सकी। गत दिवस से ही बड़ी संख्या में गाजियाबाद और मोदीनगर के अभ्यर्थी यहां डेरा डाले अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसके चलते कल दिन भर सेना के अधिकारियों के साथ नगर पालिका की टीम मैदान पर जमी रही और मिट्टी डालने और पानी सुखाने की प्रक्रिया चलती रही, लेकिन इसके बाद शाम से शुरू हुई और रात तक चली जोरदार बारिश ने तमाम व्यवस्थाओं को तहस नहस कर दिया। इसका नतीजा यह रहा कि रात में फिर से मैदान पर पानी भर गया और इसके बाद आज सुबह फिर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का फैसला करना पड़ा।

आज सुबह बारिश रुकी तो उम्मीद जगी थी कि शनिवार भर्ती रैली के लिए आए युवाओं के लिए कुछ अच्छी खबर लेकर आएगा। इसके चलते सुबह से सेना के अधिकारी, प्रशासनिक व पालिका अधिकारियों के साथ मैदान पर हालात को सामान्य बनाने में जुटे रहे। इसके चलते तमाम दंद फंद इस्तेमाल किए गए। ट्रैक को सुखाने के लिए रेतीली मिट्टी मंगाने के साथ मैदान पर फैले पानी को सूंतने के लिए गड्ढे खोद कर वहां ऐसी व्यवस्था बनाई गई कि इधर उधर से पानी बहकर इन गड्ढों में इकट्ठा हो जाए। इसके बाद इस पानी को पंपिंग सेट और बाल्टियों के जरिए निकालने की प्रक्रिया में पालिका और सेना का अमला जुटा रहा। इसके अलावा बारिश के बीच पानी से सुरक्षा के लिए एक बड़ा आश्चर्य जनक फैसला वहां वाटर प्रूफ पांडाल बनाने का लिया गया। इसके पीछे किसका दिमाग है यह तो नहीं पता लेकिन मौजूदा हालात में यह फैसला किस तरह सहायक होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है, क्योंकि स्टेडियम में जहां पहले से ही काफी बड़ा टिन शेड है, वहीं काफी बड़ा भवन बराबर में ही है। ऐसे में लाखों रुपये खर्च का वहां वाटर प्रूफ पांडाल बनाया जाना काफी ताज्जुब का विषय रहा। क्योंकि असली बात तो मैदान और दौड़ के ट्रैक को सुधारने की थी। आज मैदान और ट्रैक को पानी रहित और मिट्टी डालकर दौड़ने लायक बनाने की कोशिश में तो जरूर पूरा अमला लगा रहा, लेकिन शाम को एक बार फिर जोरदार बारिश शुरू हुई तो तमाम व्यवस्थाएं फिर से अस्त व्यस्त हो गईं। हालांकि बारिश में भी कर्मचारी जुटे रहे, लेकिन जिस तरह देर तक तेज बारिश का दौर चला उससे मैदान पर एक बार फिर से पानी भर गया और वहां दलदल के हालात पैदा हो गए। ऐसे में बारिश के चलते रविवार को होने वाली भर्ती रैली को लेकर भी अनिश्चय की स्थिति बन गई है। गाजियाबाद और मोदी नगर की आज होने वाली भर्ती रैली अब 12 अक्टूबर को होगी। इसके बाद रविवार को लोनी, चांदपुर और नजीबाबाद की भर्ती रैली के लिए आज भी बड़ी संख्या में युवा यहां पहुंचे और वेदांता फार्म्स और रालोद कार्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर भोजन और मौसम का आनंद लेते हुए कल सुबह की स्थिति को लेकर बेचैन रहे। हालत यह है कि दिन भर जितना पानी स्टेडियम से निकाला था, उससे ज्यादा पानी शाम से शुरू हुई बारिश से फिर भर गया।

## युवाओं के बीच संजीव बालियान और कपिलदेव अग्रवाल पहुंचे

**➲सेवा में जुटे रहे प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल**



मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर ( बु. )। दो दिन भर्ती स्थगित होने और बारिश के बावजूद युवाओं का जोश कम नहीं है। आज भी लोनी, चांदपुर और नजीबाबाद से हजारों की तादाद में युवा भर्ती के लिए यहां पहुंचे। वेदांता फार्म्स में आज युवाओं के बीच केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल समेत तमाम लोगों ने सेवा कार्य में भाग लिया और युवाओं का उत्साह वर्धन किया। वेदांता फार्म्स पर आज भी बड़ी संख्या में युवा अग्निवीर भर्ती के लिए पहुंचे। वहां युवाओं के लिए उद्यमियों की ओर से की जा रही व्यवस्थाओं के बीच युवाओं ने भोजन और विश्राम किया। इस दौरान उनकी सेवा में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल और उनकी टीम जुटी रही। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल भी वहां पहुंचे और भर्ती के लिए आए युवाओं से बातचीत की। युवाओं ने भारत माता की जय और डॉ.संजीव बालियान जिंदाबाद के नारों से मैदान गुंजा दिया। युवाओं का कहना था कि यहां मंत्रियों की प्रेरणा से उद्यमियों द्वारा जो व्यवस्था की गई है, वह लाजवाब है। दूसरी ओर उद्यमी भीम कंसल का कहना था कि बारिश के बावजूद युवाओं में काफी जोश देखने को मिल रहा है। बारिश के चलते भर्ती स्थगित जरूर करनी पड़ रही है, लेकिन इस दौरान कागज पत्रों की जांच के बाद यह साफ जरूर हो रहा है कि जिन लोगों को शारीरिक परीक्षा के लिए सलेक्ट किया गया है आगामी निर्धारित तिथियों पर वही आएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## स्वर्ण जयंती समारोह में मंत्री कपिल, विधायक गुम्बर और मेयर वालिया को निमंत्रण







बुलेटिन के 3 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सहारनपुर के मेयर संजीव वालिया तथा पूर्व विधायक राजीव गुम्बर को निमंत्रण देने पहुंचे बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व अन्य भाजपा नेता।

मुज़फ्फरनगर, 24 सितंबर ( बु. )। मुज़फ्फरनगर बुलेटिन के 3 अक्तूबर को वहलना के श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में 3 अक्तूबर को होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह ( रंगीन संस्करण ) के लिए शनिवार को संपादक अंकुर दुआ ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, सहारनपुर के विधायक राजीव गुम्बर और मेयर संजीव वालिया को आमंत्रित किया। भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य और मुज़फ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने तीसरे पहर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिलकर उन्हें स्वर्ण जयंती समारोह ( रंगीन संस्करण ) के लिए आमंत्रित किया। मंत्री कपिल देव ने लोकप्रिय समाचार पत्र मुज़फ्फरनगर बुलेटिन के रंगीन संस्करण के लिए बधाई देते हुए भविष्य में हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने पूर्व पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद शर्मा और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सुखदर्शन बेदी के साथ सहारनपुर में भाजपा विधायक राजीव गुम्बर और मेयर संजीव वालिया को 3 अक्तूबर को मुज़फ्फरनगर बुलेटिन के स्वर्ण जयंती समारोह के लिए आमंत्रित किया। विधायक गुम्बर और मेयर वालिया ने बुलेटिन परिवार को बेमिसाल स्वर्ण जयंती समारोह की शुभकामनाएं दी।

## विधानसभा में मोबाइल गेम खेलते दिखे विधायक

लखनऊ, 24 सितंबर ( वार्ता )। सपा ने अपने अधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर अलग-अलग दो वीडियो शेयर किए हैं जिसमें विधानसभा में एक विधायक मोबाइल गेम खेलते दिख रहे हैं तो दूसरे पान मसाला खाते। सपा ने वीडियो के जरिए भाजपा पर निशाना साधा है। ट्विटर पर लिखा है कि भाजपा विधायकों को जनसमस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। सपा ने अपने ट्विटर पर वीडियो जारी करते हुए लिखा है, सदन की गरिमा को तार-तार कर रहे भाजपा विधायक! महोबा से भाजपा विधायक सदन में मोबाइल गेम खेल रहे, झांसी से भाजपा विधायक तंबाकू खा रहे हैं। इन लोगों के पास जनता के मुद्दों के जवाब हैं नहीं और सदन को मनोरंजन का अड्डा बना रहे। बेहद निंदनीय एवं शर्मनाक!

## बारिश से 5 कच्चे मकानों की छत व दीवारें गिरी

कैराना, 24 सितम्बर ( बु. )। पिछले 2 दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण पांच कच्चे मकानों की छत व दीवारें गिर गई। सभी मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन किया जा चुका है, लेकिन आज तक भी मकान नहीं बन सके। पिछले 2 दिन से कैराना क्षेत्र में रुक-रुककर बारिश होने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार की देर शाम तहसील क्षेत्र के गांव इस्सोपुर खुरगान निवासी सालिम, इंतजार, असलम, अय्यूब व अनीस के कच्चे मकानों की दीवारें व छत गिर गई। कच्चे मकानों की छत व दीवारें गिरने के कारण कोई भी जनहानि नहीं हुई। सभी ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने कच्चे मकानों को पक्का बनवाने के लिए आवेदन किए जा चुके हैं, लेकिन आज तक भी उनके कच्चे मकानों को योजना के तहत पक्का नहीं बनवाया गया। लगातार बारिश होने के कारण उनके बाकी बचे मकान गिरने की कगार पर खड़े हैं।

## रेप के आरोप के बाद ठेकेदार ने लगाई फांसी

लखनऊ, 24 सितंबर ( वार्ता )। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार ने गोमती नगर विस्तार स्थित घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। ठेकेदार दुष्कर्म के मुकदमे में 15 दिन पहले ही जेल से छूटा था। सुसाइड नोट में पीडब्ल्यूडी की सहायक अभियंता ( एई ) और उसके पिता पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। महिला इंजीनियर वर्तमान में अयोध्या में तैनात है। मूलरूप से गोंडा के तुलसीपुर मांझा नवाबगंज निवासी प्रशांत विजय सिंह ( 42 ) गोमती नगर विस्तार स्थित शिप्रा अपार्टमेंट के बी-101 फ्लैट में पत्नी नितिशा, बेटे अर्णव ( 16 ) और आरव ( 12 ) के साथ रहते थे। वह पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारी करते थे। उनके पिता प्रो. सिद्धमान सिंह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि में तैनात हैं। पत्नी के मुताबिक शुक्रवार रात वह बेटे अर्णव को कमरे में बैठा कर पढ़ा रहीं थीं। तभी प्रशांत कमरे में आ गए। प्रशांत ने पत्नी और बेटे को दूसरे कमरे में भेज दिया। कुछ देर बाद पत्नी ने खाने के लिए पूछा तो कहा कि भूख नहीं है। इसके बाद प्रशांत ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। शनिवार सुबह करीब पांच बजे बड़े बेटे अर्णव की नींद खुली तो कमरे की लाइट जल रही थी। अर्णव ने आवाज लगाई तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद बच्चे ने अपनी मां को सूचना दी।




## सरकारी टीम के सामने ही दो भाइयों ने किया आत्मदाह का प्रयास

**➲सरकारी रास्ते को खुलवाने पहुँची थी राजस्व विभाग की टीम व पुलिस**

**➲पुलिस ने आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में लिया।**

मीरापुर, 24 सितम्बर ( बु. )। मुझेड़ा में ग्रामीणों की शिकायत पर सरकारी रास्ते को खुलवाने पहुँची राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के सामने कब्जा करने के आरोपी के दो पुत्रों ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया, मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों के हाथ से पेट्रोल की केन छीनकर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई।

गांव मुझेड़ा सादात के जंगल मे खसरा नम्बर 229 व 230 राजस्व विभाग के अभिलेखों में सरकारी रास्ते के रूप में दर्ज है। दोनों नम्बरों के बराबर में मुझेड़ा निवासी कल्लु पुत्र काले व गढ़ी निवासी नूर मौहम्मद के खेत है। दोनों के बीच पानी की नाली को लेकर विवाद चल रहा है, जिसको लेकर कई बार समझौते की बात भी हुई, किन्तु ग्रामीणों का आरोप है कि नूर मौहम्मद ने किसी की बात नहीं मानी तो कल्लु व अन्य ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने के लिए आज थाना दिवस में प्रार्थनापत्र दिया था, जिसके बाद दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया, जहाँ दोनों पक्ष रास्ते की पैमाइश कराने के लिए तैयार हो गए, जिसके बाद मीरापुर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह, हल्का इंचार्ज देवेन्द्र सिंह, राजस्व विभाग के कानूनगो मौ. इस्लाम, हल्का लेखपाल चन्द्रपाल शर्मा, लेखपाल ओमबीर सिंह पूरी टीम के साथ मौके पर पहुँचे तथा पैमाइश शुरू कर दी, किन्तु जैसे ही पैमाइश शुरू हुई तभी कब्जा करने के आरोपी नूर मोहम्मद के दो पुत्र अली हसन व मौहम्मद ने पैमाइश का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया तथा पेट्रोल की केन लाकर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की चेतावनी देते हुए आत्मदाह का प्रयास करने लगे, दोनों भाईयों को अपने ऊपर पेट्रोल छिड़के देख टीम में हड़कम्प मच गया, पुलिस ने तुरन्त दोनों से पेट्रोल की केन छीनकर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया तथा थाने ले आई। मामले पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की सहमति से पुलिस व टीम मौके पर गई थी, किन्तु दोनों युवकों ने टीम पर दबाव बनाने के लिए अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया जिसके बाद दोनों युवकों को थाने लाया गया है तथा दोनों का शान्तिभंग में चालान किया जा रहा है। साथ ही एसडीएम को रिपोर्ट भेजकर रास्ते की पैमाइश के लिए तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर पैमाइश कराने का आग्रह किया है।

### पुलिस की चुस्ती से बची बड़ी घटना

मीरापुर। मुझेड़ा में पैमाइश के समय यदि पुलिस मौके पर मौजूद न होती, तो निश्चित रुप से बड़ी घटना घटित हो जाती, जैसे ही दोनों युवकों ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया वैसे ही पुलिस ने उनसे केन छीन ली और दोनों युवकों को पकड़कर दूर ले गई बाद में उनके कपड़े बदलवाकर उन्हें थाने ले आई।

## चिल्ड्रन पार्क पर कब्जा कर बाजार बनाने को खींचतान

**➲चिल्ड्रन पार्क के शिलापट्ट की जगह मिट्ठूलाल लिखवाया**

**➲डॉ.संजीव बालियान के हस्तक्षेप से दुकानों का निर्माण रुका**






खतौली, २४ सितम्बर (बु.)। नगर क्षेत्र में पालिका चिल्ड्रन पार्क को ध्वस्त कर नगरपालिका प्रशासन व बोर्ड उक्त भूमि पर व्यवसायिक मार्किट बनाये जाने को पालिका व भाजपाईयों के बीच चल रहे विवाद में जहां केन्द्रीय मंत्री के हस्तक्षेप से मार्किट के निर्माण कार्य अभी स्थगित है, वहीं उक्त भूमि पर विगत कुछ माह पूर्व १५वें वित्त आयोग से प्राप्त धन से पालिका के नवनिर्मित ट्यूबवैल पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नाम के शिलान्यास पत्थर को बदलकर पालिका द्वारा गत दिवस लगाये गये नये शिलापट पर पालिका चिल्ड्रन पार्क नाम पर शब्द हटाये जाने की शिकायत पूर्व भाजपा जिलामंत्री मदन छाबड़ा द्वारा पूर्व में लगे शिलान्यास शिलापट व पार्क के उद्घाटन फोटो व पालिका चिल्ड्रन पार्क लिखित नगर पालिका को किराये रसीदों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से पालिका बोर्ड पर नगरपालिका द्वारा १६६४ में निर्मित पालिका चिल्ड्रन पार्क का अस्तित्व समाप्त किये जाने का आरोप लगाया है। इसकी जगह मिट्ठू लाल का शिलापट्ट लगा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के दूर संचार कार्यालय के बराबर में पालिका द्वारा पूर्व में निर्मित जलाशय स्थल क्षेत्र में तत्कालीन नगरपालिका चेयरमैन नरेश पालीवाल के कार्य में उक्त क्षेत्र की खाली पड़ी भूमि में पालिका चिल्ड्रन पार्क का निर्माण कराया था। रख रखाव के अभाव में अपनी भव्यता को खो गये उक्त चिल्ड्रन पार्क का पुनः जीर्णोद्धार तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन अलका जैन द्वारा अपने कार्यकाल के अन्तिम दिनों में कराकर इस पार्क को पुनः भव्यता प्रदान की गयी थी। पालिका चिल्ड्रन पार्क के बाहरी क्षेत्र में पालिका द्वारा लगभग आधा दर्जन दुकानों का निर्माण भी किया गया था, जिनके दुकानदारों से नगरपालिका द्वारा प्रतिमाह किराया वसूल किया जाता है। रखरखाव के पूर्ण रूप से खण्डर बन चुके उक्त पालिका चिल्ड्रन पार्क में वर्तमान पालिका बोर्ड द्वारा एक ट्यूबवैल सहित व्यवसायिक मार्किट बनाने की योजना को प्रारम्भ किया गया, तो चिल्ड्रन पार्क को समाप्त किये जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया। इस बीच पालिका द्वारा १५वें वित्त आयोग से प्राप्त धन से पार्क के क्षेत्र में ट्यूबवैल का निर्माण करते हुए जैसे ही व्यापारिक मार्किट की योजना को प्रारम्भ किया गया, तो पार्क को समाप्त किये जाने को स्थानीय भाजपाई पालिका प्रशासन के समक्ष खड़े हो गये। भाजपाईयों की शिकायत को संज्ञान में लेकर केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के हस्तक्षेप के फलस्वरूप पालिका द्वारा मार्किट बनाये जाने का कार्य रोक दिया गया। जबकि उक्त क्षेत्र में नवनिर्मित ट्यूबवैल का निर्माण कार्य चलता रहा। चिल्ड्रन पार्क में बने ट्यूबवैल का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित नगर विकास मंत्री के कर कमलों द्वारा होने का एक शिलापट भी ट्यूबवैल पर गत माह पालिका प्रशासन द्वारा लगाया गया था, परन्तु अचानक उक्त पत्थर के गायब होने की जानकारी मिलते ही भाजपाई पुनः सजग हो गये, जिसको लेकर पूर्व भाजपा जिलामंत्री मदन छाबड़ा शिलान्यास पत्थर को पालिका प्रशासन द्वारा गायब करने तथा राजनैतिक विद्वेष उक्त क्षेत्र में व्यवसायिक मार्किट बनाने हेतु पालिका चिल्ड्रन पार्क का अस्तित्व समाप्त किये जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी स्तर पर शिकायत की। इसी बीच गत दिवस नवनिर्मित ट्यूबवैल पर पुनः नया शिलापट पालिका द्वारा लगाया गया, परन्तु पालिका द्वारा ट्यूबवैल पर आनन—फानन में लगाये गये शिलापट पर पूर्व के शिलान्यास पत्थर पर अंकित पालिका चिल्ड्रन पार्क शब्द को अदृश्य किये जाने से भाजपाईयों में पुनः रोष उबल गया, जिसको लेकर पूर्व भाजपा जिलामंत्री मदन छाबड़ा द्वारा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ सहित जिलाधिकारी सहित भाजपा हाईकमान को भेजे शिकायती पत्र में पालिका पर चिल्ड्रन पार्क को पालिका अभिलेखों से अस्तित्व समाप्त करने का षड़यंत्र रचते हुए नये शिलापट से चिल्ड्रन पार्क शब्दों को समाप्त करने की शिकायत की है, वहीं भाजपा द्वारा भेजे गये शिकायती पत्र में तत्कालीन पालिका चेयरमैन अलका जैन द्वारा पालिका चिल्ड्रन पार्क के जीर्णोद्धार सहित उद्घाटन कार्यक्रमों सचित्र व चिल्ड्रन पार्क के किरायेदार दुकानदारों को पालिका परिषद द्वारा प्रतिमाह किराये वसूली की रसीदों की प्रतिलिपी भी भेजी गयी है, जिनपर वर्तमान में पालिका चिल्ड्रन पार्क का नाम उल्लेखित है। दूसरी ओर जहां भाजपा के अधिकांश नेतागण पालिका बोर्ड के विरोध में एकजुट बने दिखाई पड़ रहे हैं, वहीं कुछ भाजपा सभासदों व भाजपाईयों द्वारा पालिका प्रशासन को पिछले रास्ते से समर्थन की चर्चा भी सोशल मीडिया पर चर्चाओं में बनी हुई है।

## खतौली में सड़क से अतिक्रमण हटवाया

मुजफ्फरनगर, 24 सितंबर ( बु. )। डीएम वार रुम द्वारा खतौली में सड़क पर रोड़ी और सीमेंट के कारोबारियों ने कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटवाने के सम्बन्ध मे शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए सड़क से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। डीएम वार रुम में शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि खतौली से बुढाना जाने वाली सड़क पर कस्बे के बाहर बाईपास तक सड़क के दोनों किनारों पर जगह जगह रोड़ी और सीमेंट के कारोबारियों ने रोड़ी की गाड़ियों को सड़क के किनारे उतरवाकर सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा सड़क से अवैध अतिक्रमण हटवाने हेतु अनुरोध किया गया था। प्राप्त शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर डीएम वार रुम ने शिकायत को तहसीलदार खतौली को अग्रेषित कर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए नगर पालिका परिषद खतौली के अधिशासी अधिकारी, तहसील खतौली से राजस्व निरीक्षक एवं अवर आभियंता द्वारा स्थल पर पहुंचकर अवैध रूप से सड़क किनारे पड़े बिल्डिंग मैटेरियल को जेसीबी द्वारा हटाया गया तथा सभी दुकानदारों को सचेत कर दिया गया कि भविष्य में सड़क किनारे बिल्डिंग मैटेरियल डालने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान मौके पर शिकायतकर्ता उपस्थित रहे। शिकायतकर्ता शिकायत के निस्तारण से संतुष्टि है।

## बाइक की टक्कर से बालक गम्भीर



भोपा , 24 सितंबर ( बु. )। तेज़ रफ़्तार बाइक की टक्कर से बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। बालक को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया, जहाँ से जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली में जुल्फिकार का पाँच वर्षीय पुत्र आहद अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी रास्ते में तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने आहद को जबरदस्त टक्कर मार दी बाइक की तेज टक्कर लगने से आहद कई फीट दूर दीवार से टकरा कर घायल हो गया। आहद के सिर और पैर में गंभीर चोट आई आनन-फानन में परिवारजन आहत को भोपा सीएचसी पर लाए जहां डॉक्टरों ने आहत के हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है आहत की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# आज रविवार को भी खुलेगा एआरटीओ कार्यालय

**➲पेनल्टी माफी की योजना का लाभ लेने को बचे मात्र दो दिन**

**➲ पेनल्टी माफी के तहत 1671 वाहन स्वामियों ने किए आवेदन**




मुजफ्फरनगर, 24 सितम्बर ( बु. )। परिवहन विभाग की रोड टैक्स पर शत-प्रतिशत पेनाल्टी माफी योजना में आवेदन के लिए 26 सितम्बर अंतिम तिथि है, ऐसे में जिन वाहन स्वामियों के द्वारा अभी तक इस योजना का लाभ लेने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, उनके पास योजना का लाभ लेने के लिए अंतिम मौका है। योजना में रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन शुल्क एक हजार रुपये मात्र है।

परिवहन विभाग की ओर से जारी निर्देशों के बीच एक अप्रैल 2020 से पूर्व पंजीकृत ऐसे सभी प्रकार के वाहन, जिन पर रोड टैक्स बकाया है, उन्हें एक मुश्त शास्ति समाधान योजना-2022 के अंतर्गत बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनाल्टी में शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है। वाहनों के बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनल्टी पर शत-प्रतिशत छूट का लाभ वाहनों के बकाया कर को जमा करने वाले वाहन स्वामी को तत्काल प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए संबंधित वाहन स्वामी परिवहन कार्यालय में इस योजना के तहत आवेदन के साथ बकाया रोड टैक्स जमा का कार्य करा सकते हैं। 26 जून से चल रही इस लाभप्रद योजना के अंतर्गत जागरूकता प्रयासों व चैकिंग, प्रवर्तन कार्यवाही के फलस्वरूप जिले में 24 सितंबर तक कुल 1671 वाहन स्वामियों ने पेनल्टी माफी की इस योजना के अन्तर्गत आवेदन, रजिस्ट्रेशन करके लाभ उठाया है और इस योजना में अब तक 1374 वाहन स्वामियों के द्वारा कुल 210.60 लाख रुपये बकाया रोड टैक्स परिवहन विभाग मुजफ्फरनगर द्वारा जमा करवा, शत-प्रतिशत पेनल्टी माफी का लाभ प्राप्त किया। एआरटीओ ने इस योजना का लाभ उठाने वाहन स्वामियों से अपील की कि वें 26 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराए और नियमानुसार बकाया कर जमा करके पेनल्टी माफी की इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं व नियमानुसार किसी चैकिंग, प्रवर्तन कार्यवाही से उत्पन्न होने वाली असुविधा से बचें। इस योजना का लाभ जनसामान्य को प्रदान करने के लिए जनहित व राजस्वहित में एआरटीओ कार्यालय रविवार 25 सितंबर को भी खुला रहेगा और योजना के तहत बकाया रोड टैक्स के वाहन स्वामियों के आवेदन स्वीकार करने, बकाया रोड टैक्स जमा करने का कार्य किया जाएगा।